राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा(REET)–2022

अजमेर 11 अप्रेल। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2022 के लिए आवेदन प्रक्रिया 18 अप्रेल से प्रारम्भ होगी और 18 मई तक आवेदन किये जा सकेंगे। यह परीक्षा जुलाई माह में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। अब यह परीक्षा सिर्फ पात्रता परीक्षा है। रीट 2022 के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के परीक्षा प्रमाण पत्र की पात्रता आजीवन रहेगी।

रीट की समन्वयक और राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सचिव श्रीमती मेघना चौधरी ने बताया कि रीट 2021 के लेवल द्वितीय के आवेदकों को रीट 2022 के लेवल द्वितीय के आवेदन के लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा।

श्रीमती चौधरी ने बताया कि यह परीक्षा 23 जुलाई शनिवार और 24 जुलाई रविवार को आयोजित की जानी प्रस्तावित है, परन्तु विश्वसनीय परीक्षा केन्द्रों की उपलब्धता के दृष्टिगत परीक्षा का आयोजन 24 जुलाई से आगे की तिथियों को भी रखा जा सकता है। राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2022 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी होने वाले लिंक reetraj2022 पर निर्धारित तिथियों तक ऑन–लाईन भरे जायेंगे। आवेदन हेतु अनुदेश व प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध कराये जायेंगे। ऑन–लाईन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदक अपनी पात्रता के अनुरूप परीक्षा शुल्क निर्धारित बैकों के माध्यम से चालान/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिग/ई–मित्र से जमा करा सकेगें। ऑन–लाईन आवेदन पत्र हेतु शैक्षणिक अर्हता, पात्रता मापदण्ड, परीक्षा शुल्क, परीक्षा का विस्तृत पाठ्यक्रम, परीक्षा का स्वरूप, प्रक्रिया एवं आयोजन तथा अन्य शर्तों सहित विस्तृत दिशा निर्देश उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।